कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

क्रमांकजी0बी0 / दो(83)2014 / 2398 भोपाल, दिनांक 21/8/15

## निविदा सूचना

मेन्यूअल, स्क्रीनिंग कार्ड, रजिस्टरों के निर्धारित तकनीकी विवरण अनुसार पेपर सहित पैकिंग एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय करने के इच्छुक प्रिन्टरों / निविदाकारों से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाइट https://mpeproc.gov.in से ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 8–9–2015 अपराह्न 2.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा की हार्डकापी, पेपर नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित की–डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग को दिनांक 8–9–2015 को अपराह्न 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3. किसी भी प्रकार का संशोधन / सुधार / परिवर्तन होने की सूचना https://mpeproc.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

( संजीव सिंह )
नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल.

**OFFICE OF THE CONTROLLER**
**GOVT. PRINTING AND STATIONERY, M.P., BHOPAL.**

**No. GB-II/ /(83)/2014/ 2398** **Bhopal, dated 21-8-2015**

## TENDER NOTICE

ONLINE Bids are invited through IT Department website https://mpeproc.gov.in from the interested Printers/tenderers for Printing and supply of Manual, Screening Card & Registers as per mentioned in technical details including Paper, Printing and Other Charges inclusive all taxes for are invited on or before 8-9-2015 at 2.00 PM as per key dates.

2. Hard Copy of the Bid Documents complete in all respects, alongwith Technical tender document, certified Paper Sample, acceptation of tender condition must be received at the office of the undersigned as per key dates. Envelopes of Hard Copy and Online Technical Parts will be open on 8-9-2015 at 4.00 PM in the Office of the undersigned in the presence of such tenderers or their authorised representatives as may be present.

3. All corrigendum/amendments/changes, if any will only be issued and made available only on Website https://mpeproc.gov.in

**( Sanjeev Singh )**
**Controller,**
**Govt. Printing and Stationery,**
**M. P., Bhopal.**

## Key Dates and Time

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid document downloading end date | : | 5.00 PM on 7-9-2015 |
| 2. | Bid closing & last date & time for submission on online Bids | : | 2.00 PM on 8-9-2015 |
| 3. | Last Date & time for submission of Hard Copy of Bids. | : | 3.00 PM on 8-9-2015 |
| 4. | Date of Opening of Technical Bids | : | 4.00 PM on 8-9-2015 |
| 5. | Date of Opening of Commercial Bids. | : | 4.30 PM on 8-9-2015 |

## तकनीकी विवरण एवं शर्तें

| स0क्र0 | सामग्री | संख्या | पेज संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पारटीसीपेंट मेनूअल | 3,400 नग | 327 | साईज 21 X 28 सेमी, बोथ साईड मल्टीकलर प्रिंटिंग इनसाईड टेक्स्ट 130 जीएसएम आर्ट पेपर, कव्हर 250 जीएसएम आर्ट पेपर मेट फिनिश, परफेक्ट बाईडिंग। |
| 2 | जॉब एडस मेनूअल | 3,400 नग | 108 | |
| 3 | स्क्रीनिंग एवं रेफरल कार्ड 0–6 आयु | 1,00,00,000 नग | 04 सेन्टर क्रीजिंग | साईज ए/4, बोथ साईड सिंगल कलर प्रिंटिंग, 180 जी.एस.एम. मेपलिथो पेपर बोथ साईड मशीन फिनिश पेपर (सफेद, पीले, नीले रंग), (बल्लारपुर, वेस्ट कॉस्ट, जेके, सेन्च्यूरी, आंध्रा मिल का पेपर) |
| 4 | स्क्रीनिंग एवं रेफरल कार्ड 6–18 आयु | 1,80,00,000 नग | 01 | |
| 5 | आंगनवाड़ी बाल रजिस्टर | 3,400 नग | 250 | साईज 36 X 22 सेमी, सिंगल कलर प्रिंटिंग, बोथ साईड इंड पेपर 100 जीएसएम मेपलिथो, कव्हर 140 जीएसएम मेपलिथो पेपर, इनसाईड टेक्स्ट 80 जीएसएम मेपलिथो पेपर मिनिमम 80% ब्राईटनेस (बल्लारपुर, वेस्ट कॉस्ट, जेके, सेन्च्यूरी, आंध्रा, सिरपुर, टी.एन.पी.एल. मिल का पेपर) सेक्शन सेविंग, हार्ड बाउन्ड विथ 1.5 एमएम कार्ड बोर्ड, पर कव्हर पेस्ट होगा। |
| 6 | स्कूल बाल रजिस्टर | 3,400 नग | 250 | |

**नोट :– स0क्र0 5 एवं 6 का रजिस्टर हार्ड केस मेकिंग मशीन से तैयार किया जाना है।**

1. उपरोक्त विवरण रजिस्टरों के निर्धारित तकनीकी विवरण अनुसार पेपर सहित मल्टीकलर प्रिंटिंग एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय करने के इच्छुक प्रिन्टरों/निविदाकारों से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाइट से ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 8–9–2015 अपराह्न 2.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्डकापी की–डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तकनीकी निविदा के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :–

1.1 **निविदा प्रपत्र के रूप में राशि रूपये 2,000/– का डिमांड ड्राफ्ट, नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, भोपाल के पक्ष में संलग्न करना होगा।**

1.2– उपरोक्त तकनीकी विवरण के प्रिंटिंग की मशीनों के स्थापित होने के प्रमाण स्वरूप स्थापित मशीन के देयक की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

1.3– उपरोक्त तकनीकी विवरण अनुसार नमूना तैयार कर अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित संलग्न करना होगा।

1.4– तकनीकी निविदा एवं शर्तों पर सहमति स्वरूप निर्धारित स्थान पर निविदाकार के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

1.6– उपरोक्त रजिस्टर मुद्रण के उपयोग में लाये जाने वाले समस्त प्रकार के पेपर नमूनों पर पेपर निर्माता मिल का नाम, जीएसएम, निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

2. निविदाकार मुद्रक पेपर नमूनों पर जी.एस.एम. एवं कार्ड बोर्ड नमूनें पर एम.एम., पेपर मिल का नाम उल्लेख करते हुए उपरोक्त तकनीकी विवरण के रजिस्टर मुद्रण एवं बाईडिंग किये जाने वाली प्रिटिंग मशीन, लेमिनेशन मशीन स्थापना के प्रमाण स्वरूप आवश्यक दस्तावेज हस्ताक्षर सहित एवं शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सील्ड लिफाफे में की–डेट्स अनुसार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा उसी दिनांक 8–9–2015 को अपराह्न 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन पोर्टल से डाउनलोड की जावेगी एवं हार्डकापी को खोला जावेगा।

3. तकनीकी निविदा के पात्र निविदाकारों की कामर्शियल भाग की–डेट्स अनुसार दिनांक 8–9–2015 को अपराह्न 4.30 बजे उपस्थित निविदाकारों / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि टेण्डर ओपनिंग के समय अवश्य उपस्थित रहें।

4. उपरोक्त के पेपर सहित प्रूफ का अनुमोदन से कराने हेतु कार्यादेश प्राप्ति के 2 दिवस के अंदर 2 सेम्पल प्रस्तुत करना होगा। आधी मात्रा की सामग्री का प्रदाय सेम्पल अनुमोदित होने की तिथि से **30** दिवस के अन्दर एवं शेष मात्रा अगामी **30** दिवस के अन्दर मुद्रित कर विभाग को प्रदाय करना होगा तथा देयक तीन प्रतियों में भुगतान हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा।

5. **प्रोसेसिंग फीस रूपये 250=00 एवं सर्विस टैक्स का भुगतान वेबसाइट से ऑनलाईन करने के उपरांत निविदा प्रपत्र डाउन लोड किया जा सकेगा।**

6. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पायी गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाई गई तो ऐसी समस्त सामग्री मुद्रक को वापस लेना होगी तथा उसके स्थान पर निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार मुद्रण कर प्रदाय की जाना होगी। इस संबंध में होने वाला समस्त व्यय मुद्रक को वहन करना पड़ेगा।

7 सामग्री कार्टून में पैक कर (5 प्लाई कार्टून, सिंक रेकशसटेन्स पैकिंग में अधिकतम 20 केजी वजन) में मांगकर्ता कार्यालय को F.O.R. सौंपा जाना होगा। इसके लिए पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।

8. मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, माल प्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण पत्र के साथ नमूनें सहित देयक तीन प्रतियों में सत्यापन हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा। देयक का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा सीधे मुद्रक को नियमानुसार देयकों पर लगने वाले कर का कटौत्रा कर किया जायेगा।

9. गुणवत्ता में कमी एवं प्रदाय में विलम्ब होने की स्थिति में मुद्रित सामग्री स्वीकार्य नहीं होगी एवं आंशिक विलम्ब की स्थिति में प्रति दिवस 0.5 % तक शास्ति अधिरोपित की जावेगी।

10. सफल निविदाकार को इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के 3 दिवस के अन्दर कुल मुद्रण राशि की 10% राशि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति की राशि के रूप में जमा कर तत्काल अनुबंध निष्पादित करना होगा।

11. शासन द्वारा समय–समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधों या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है तो लंबित भुगतान पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

12. मुद्रक को प्रिंट लाईन विभाग से अनुमोदन कर संक्षिप्त में अंकित करना होगा।

13. यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा। इसके अतिरिक्त निविदाओं के आमंत्रण के पश्चात कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल का होगा।

14. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानों के अन्तर्गत पंच निर्णय हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा। पंच निर्णय हेतु आर्बिट्रेशन एवं कान्सीलिएशन एक्ट 1996 के प्रावधान लागू होंगे।

<u>नोट</u> :– निविदाकार शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल.